# हैती

[स्रोत: द हिंदू]

हाल ही में **हैती के प्रधानमंत्री एरियल हेनरी** ने एक **संक्रमणकालीन राष्ट्रपति परिषद बनने के बाद इस्तीफा** देने की अपनी मंशा व्यक्त की।

## परिचय:

- यह **कैरेबियन सागर तथा उत्तरी अटलांटिक महासागर के बीच स्थित** है।
- यह **हिस्पानियोला द्वीप के पश्चिमी एक-तिहाई हिस्से को आच्छादित** करता है और **पूर्वी हिस्से में डोमिनिकन गणराज्य के साथ सीमा साझा** करता है।
    - हैती, **पश्चिम में जमैका और उत्तर-पश्चिम में क्यूबा** से भी घिरा हुआ है।
- **आधिकारिक भाषाएँ:** फ्रेंच, हैतीयन क्रियोल।
- **प्रमुख पर्वत शृंखलाएँ:** मैसिफ डे ला सेले, मैसिफ डू नॉर्ड।
- यह **विश्व का पहला स्वतंत्र अश्वेत नेतृत्व वाला गणतंत्र** है।
    - राष्ट्र लगभग दो शताब्दियों तक **स्पेनिश औपनिवेशिक शासन** एवं एक शताब्दी से अधिक फ्राँसीसी शासन में भी रहा।




PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haiti-2